


सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान


# लक्ष्य क्लासेज™

Sector - 4, Main Road, Udaipur (Raj.) | M. 6376957258, 6376491126

1. दो संख्याओं का अनुपात 7:11 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य 154 है। पहली संख्या है?
(a) 14 (b) 7
(c) 22 (d) 32 [a]

2. एक ही कीमत पर दो मोबाइल फोन खरीदे गए। एक को 30% के लाभ पर बेचा गया और दूसरे को प्रथम मोबाइल के विक्रय मूल्य से 2500 रूपये कम पर बेचा गया। यदि दोनों मोबाइल फोन पर अर्जित कुल लाभ 5% था, तो एक मोबाइल फोन का लागत मूल्य क्या था?
(a) 8000 रूपये (b) 5000 रूपये
(c) 6000 रूपये (d) 4500 रूपये [b]

3. दी गई आकृति में, यदि AB||CD तो x+y ज्ञात कीजिए?




(a) $100^0$ (b) $110^0$
(c) $60^0$ (d) $125^0$ [c]

4. यदि $\left(X+\frac{1}{X}\right)=2$ है, तो $\left(X^2+\frac{1}{X^2}\right)$ बराबर है?
(a) 2 (b) 4
(c) 5 (d) 6 [a]

5. राजीव जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर में बचे हुये महिनों के औसत वेतन 600 रूपये प्रति महीना का 3/2 गुना कमाता है। उसकी जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर की बचत बचे हुये महीनों की बचत 400 रूपये प्रति महीना का 5/4 गुना है। उसकी प्रति महीना औसत व्यय क्या है?
(a) 266.66 रूपये (b) 250 रूपये
(c) 233.33 रूपये (d) 433.33 रूपये [a]

6. एक राशि 3 वर्षो में 1344 रूपये हो जाती है और 7 वर्षो में यह 1536 हो जाती है। वह मूल राशि क्या है जहां साधारण ब्याज प्रभारित की जानी है?
(a) 4000 रूपये (b) 1500 रूपये
(c) 1200 रूपये (d) 2800 रूपये [c]


7. 16 व्यक्ति 6 दिनों में 1/5वां खेत काट देते है। 8 दिनों में शेष खेत को काटने के लिए कितने व्यक्तियों (समान दक्षता के साथ) की आवश्यकता होगी?
(a) 27 (b) 54
(c) 48 (d) 64 [c]

8. छ: अंकों की वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जो 15, 21 और 28 से पूर्णत: विभाज्य हो-
(a) 100480 (b) 100270
(c) 100380 (d) 100340 [c]

9. 100 मीटर लंबी एक ट्रेन 72 कि.मी./घंटे की दर से एक पुल को 25 सेंकड में पार करती है। पुल की लंबाई है?
(a) 400 मीटर (b) 150 मीटर
(c) 300 मीटर (d) 200 मीटर [a]

10. यदि एक समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल 'a' तथा ऊँचाई 'b' हो, तो $\frac{a}{b^2}$ का मान है?
(a) $\sqrt{3}$ (b) $\frac{1}{\sqrt{3}}$
(c) 3 (d) $\frac{1}{3}$ [a]

11. दी गई आकृति में, O वृत का केन्द्र है, ∠CBD ज्ञात कीजिए?




(a) $140^0$ (b) $50^0$
(c) $40^0$ (d) $130^0$ [b]

12. यदि किसी संख्या का $37\frac{1}{2}\%$ 45 है, तो संख्या का $87\frac{1}{2}\%$ होगा?
(a) 115 (b) 135
(c) 105 (d) 145 [c]

13. कितने समय में 1200 रूपये, 6% प्रति वर्ष सरल ब्याज की दर से 1344 हो जाएगा?
(a) $2\frac{1}{2}$ वर्ष (b) 3 वर्ष
(c) 2 वर्ष (d) $3\frac{1}{2}$ वर्ष [c]

14. त्रिभुज ABC में, यदि ∠A - ∠B = $15^0$ और ∠B - ∠C = $30^0$ है तो ∠A बराबर है?
(a) $65^0$ (b) $80^0$
(c) $75^0$ (d) $85^0$ [b]

15. अरिहंत सिंह के 3 बच्चों की औसत आयु 12 वर्ष है और उनकी आयु का अनुपात 3:4:5 है। उसके सबसे छोटे और सबसे बडे बच्चे की औसत आयु क्या होगी, यदि उसके केवल तीन बच्चे थे?
(a) 12 (b) 21
(c) 8 (d) 9 [a]

16. नम हवा में ध्वनि का वेग शुष्क हवा की तुलना में अधिक होता है, क्योंकि नम हवा में होता है-
(a) शुष्क हवा की तुलना में कम दबाव
(b) शुष्क हवा की तुलना में कम घनत्व
(c) शुष्क हवा की तुलना में अधिक घनत्व
(d) शुष्क हवा की तुलना में अधिक दबाव [b]

17. 'सोनार' का पूर्ण रूप है?
(a) साउंड नेविगेशन एंड रेंजिंग
(b) सिस्टम ऑफ नेविगेशन एंड रिसर्च
(c) सिस्टम इन नेवी एंड इन रिसीवर
(d) साउंड नेविगेशन इन एयरक्राफ्ट रेंज [a]

18. निम्नलिखित में से कि जोडे में समान एस.आई (SI) इकाइयां है?
(a) गति और बल (b) कार्य और ऊर्जा
(c) बल और दूरी (d) बल और दबाव [b]

19. डाल्टन के परमाणु सिद्धान्त के संबंध में कौनसा/से कथन सही है/हैं?
(i) सभी पदार्थ बहुत छोटे कणों से बने होते है।
(ii) विभिन्न तत्वों के परमाणुओं के द्रव्यमान और रासायनिक गुण भिन्न-भिन्न होते है।
(iii) किसी भी यौगिक में परमाणुओं की आक्षेप संख्या परिवर्तनशील होती है।
(a) केवल (i) और (ii) (b) केवल (i) और (iii)
(c) केवल (ii) और (iii) (d) सभी (i), (ii) और (iii) [b]

20. किसी अज्ञात स्त्रोत द्वारा उत्पन्न प्रकाश की तीव्रता को मानक के रूप में मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?
(a) फोटोमीटर (b) एमीटर
(c) कैलिपर्स (d) डायनामोमीटर [a]

**21. निम्नलिखित में से कौनसा द्रव का ठोस में कोलॉइडी विलयन का उदाहरण है?**
(a) चीज (b) रबड
(c) शेविंग क्रीम (d) दूध **[a]**

**22. टमाटर में लाल रंग किसके कारण होता है?**
(a) कैप्साइसिन (b) लाइकोपीन
(c) जैंथोफिल (d) एंथोसाइनिन **[b]**

**23. जब किसी गैस को स्थिर दाब पर गर्म किया जाता है-**
(a) इसका तापमान बढ जाएगा
(b) इसका दबाव बढ जाएगा
(c) तापमान और आयतन दोनों में वृद्धि होगी
(d) न तो दबाव और ना ही तापमान में वृद्धि होगी **[c]**

**24. संघर्ष गुणांक की विमाएं है?**
(a) $MLT^{-2}$ (b) $LT^{-1}$
(c) $LT^{-2}$ (d) विमाहीन **[d]**

**25. निम्नलिखित में से किस घटना को प्रकाश के अपवर्तन के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है?**
(a) इंद्रधनुष (b) लाल शिफ्ट
(c) मृगतृष्णा (d) सितारों की जगमगाहट **[b]**

**26. आँख के किस भाग में वर्णक होता है जो व्यक्ति की आँखों का रंग निर्धारित करता है?**
(a) कॉर्निया (b) आईरिस
(c) कोरॉइड (d) विट्रस बॉडी **[b]**

**27. वर्षा की बूंदो का गोल होने का कारण है?**
(a) वायुदाब (b) जल का घनत्व
(c) गुरूत्वाकर्षण बल (d) पृष्ठ तनाव **[d]**

**28. अधिकतम इलेक्ट्रॉन बंधुता वाला तत्व है?**
(a) लेड (b) सीजियम
(c) लिथियम (d) प्लूटोनियम **[c]**

**29. ऊष्मीय मान के क्रम में है?**
(a) वसा > प्रोटीन > कार्बोहाइड्रेट
(b) प्रोटीन > कार्बोहाइड्रेट > वसा
(c) कार्बोहाइड्रेट > वसा > प्रोटीन
(d) वसा > कार्बोहाइड्रेट > प्रोटीन **[a]**

**30. निम्नलिखित में से कौन सी जोडी (रोग-कमी) गलत है?**
(a) हाइपोकैलिमिया – कैल्शियम
(b) मैरास्मस – प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट
(c) घातक रक्ताल्पता – विटामिन बी$_{12}$
(d) पेलाग्रा – विटामिन बी$_3$ **[b]**

**31. किस जिले ने जून 2022 में एक विशेष स्वास्थ्य देखभाल अभियान आंचल शुरू किया है?**
(a) अजमेर (b) डूंगरपुर
(c) जोधपुर (d) करौली **[d]**

**32. राजस्थान सरकार द्वारा टी.बी. रोगियों को वित्तीय पोषण और शैक्षिक सहायता प्रदान करने के लिए कौन सी योजना शुरू की गई है?**
(a) राजस्थान निक्षय संबल योजना
(b) चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना
(c) राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना
(d) निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना **[a]**

**33. मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में राजस्थान हाई परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर का उदघाटन किया?**
(a) सवाई मानसिंह स्टेडियम में
(b) राजस्थान यूनिवर्सिटी स्टेडियम में
(c) विद्याधर नगर स्टेडियम में
(d) रेलवे क्रिकेट ग्राउंड में **[a]**

**34. मई 2022 में, राजस्थान के किस मंत्रालय ने सिलिकोसिस पोर्टल 2022 का शुभारंभ किया?**
(a) स्वास्थ्य मंत्रालय
(b) पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
(c) आपदा प्रबंधन और अधिकारिता मंत्रालय
(d) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय **[d]**

**35. मेडिफेस्ट 2022 प्रदर्शनी का आयोजन किस शहर में किया गया?**
(a) कोटा (b) जयपुर
(c) बूंदी (d) जैसलमेर **[b]**

**36. किस जिले में स्थित 'मियां का बाड़ा' रेलवे स्टेशन का नाम महेश नगर हॉल्ट कर दिया गया है?**
(a) बाड़मेर (b) बीकानेर
(c) जोधपुर (d) जयपुर **[a]**

**37. अप्रैल 2022 में, जारी 100 स्मार्ट सिटी की रैंकिंग में उदयपुर को कौन सा स्थान मिला है?**
(a) पहला (b) दूसरा
(c) तीसरा (d) चौथा **[b]**

**38. वर्तमान में राजस्थान में उद्योग मंत्री कौन है-**
(a) शकुंतला रावत (b) गोविंद राम मेघवाल
(c) भजन लाल जाटव (d) विश्वेंद्र सिंह **[a]**

**39. राजस्थान में किस स्थान पर सीमा और तटीय सुरक्षा के पहलुओं पर 'सुरक्षा मंथन 2022' का आयोजन किया गया?**
(a) बारां (b) जोधपुर
(c) श्रीगंगानगर (d) बीकानेर **[b]**

**40. आर. बी. आई. द्वारा अर्थशास्त्र/ बैंकिंग/वित्तीय मुद्दों पर मूल रूप से हिन्दी में किताबें लिखने के लिए किसे पुरस्कृत किया गया?**
(a) प्रोफेसर रेणु जटाना और डॉ. सागर सांवरिया
(b) सृष्टि देशमुख और श्रुति सिहाग
(c) मंजू कुमारी और डॉ. राधिका बजाज
(d) राजेन्द्र चाहर और डॉ. राजीव सैनी **[a]**

**41. निम्नलिखित में से कौनसा कार्य नगरीय निकायों का नहीं है?**
(a) जनस्वास्थ्य एवं सफाई (b) अग्निशमन
(c) गरीबी निवारण (d) आबकारी नियमन **[d]**

**42. राजस्थान में वार्ड पंच, उप-सरपंच किसे संबोधित कर अपना त्यागपत्र देता/देती है?**
(a) सरपंच को (b) खण्ड विकास अधिकारी को
(c) प्रधान, पंचायत समिति को (d) ग्राम विकास अधिकारी को **[b]**

**43. राजस्थान में, 'राजस्थान पुलिस अकादमी' कहाँ स्थित है?**
(a) जोधपुर (b) जयपुर
(c) अजमेर (d) कोटा **[b]**

**44. राजस्थान का एकीकरण कितने चरणों में हुआ?**
(a) चार (b) पाँच
(c) छ: (d) सात **[d]**

**45. राजस्थान राज्य में दूसरी बार राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था -**
(a) 1967 में (b) 1977 में
(c) 1980 में (d) 1992 में **[b]**

**46. जोधपुर में निम्न में से कौनसी छतरी स्थित नहीं है-**
(a) जसवंत थड़ा (b) मामा भांजा की छतरी
(c) 8 खंभों की छतरी (d) मण्डोर की छतरी **[c]**

**47. गणगौर का त्यौहार किस तिथि को मनाया जाता है-**
(a) फाल्गुन शुक्ल तृतीया (b) पोष शुक्ल तृतीया
(c) माघ शुक्ल तृतीया (d) चैत्र शुक्ल तृतीया **[d]**

**48. 'मूछला महावीर' मन्दिर स्थित है -**
(a) मेनाल (b) घाणेराव
(c) नाकोड़ा (d) किराडू **[b]**

**49. 'रणमल छंद' की रचना किसने की?**
(a) नरपति नाथ (b) हेमराज
(c) श्रीधर (d) दलपत [c]

**50. दधिमती माता का मेला निम्न में से किस जिले में आयोजित किया जाता है?**
(a) डूंगरपुर (b) बारां
(c) सवाई माधोपुर (d) नागौर [d]

**51. सूफी संत मिट्ठे शाह की दरगाह निम्न में से किस दुर्ग में स्थित है?**
(a) कुंभलगढ़ (b) चित्तौडगढ
(c) गागरोन (d) नाहरगढ़ [c]

**52. समेलित कीजिए -**
(a) चरी नृत्य (1) कालबेलिया
(b) रणबाजा नृत्य (2) मेव
(c) शंकरिया नृत्य (3) गुर्जर
(d) चकरी नृत्य (4) कंजर
**सही कूट चुनिए -**
(a) (a)-(1), (b)-(2), (c)-(3), (d)-(4)
(b) (a)-(2), (b)-(3), (c)-(1), (d)-(4)
(c) (a)-(4), (b)-(2), (c)-(1), (d)-(3)
(d) (a)-(3), (b)-(2), (c)-(1), (d)-(4) [d]

**53. नाथूराम पोद्दार की हवेली, शेखावाटी में कहाँ स्थित है**
(a) नवलगढ़ (b) मण्डावा
(c) महनसर (d) बिसाऊ [d]

**54. दत्ताणी के युद्ध के समय सिरोही का शासक था**
(a) राव करण सिंह (b) अमर सिंह राठौड़
(c) महाराव सुरताण (d) महाराव विजयसिंह [c]

**55. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म (कृषक आंदोलन नेता) सुमेलित नहीं है?**
(a) बिजोलिया-विजय सिंह पथिक
(b) बूंदी-नयनूराम शर्मा
(c) मेव-यासीन खाँ
(d) बेगू-मघाराम वैद्य [d]

**56. कोलू गाव किस लोक देवता से संबंधित है?**
(a) पाबूजी (b) रामदेव जी
(c) देवनारायण जी (d) तल्लीनाथ जी [a]

**57. 1857 की क्रांति में, अंग्रेज एवं जोधपुर राज्य की संयुक्त सेना को किसने पराजित किया था?**
(a) ठाकुर कुशाल सिंह ने (b) तात्या टोपे ने
(c) जयदयाल ने (d) रावत केसरी सिंह ने [a]

**58. समाज सुधार के उद्देश्य से देश हितैषिणी सभा' की स्थापना कहीं की गई थी-**
(a) उदयपुर (b) जयपुर
(c) अजमेर (d) शाहपुरा [a]

**59. दिसम्बर 1817 में अंग्रेजों के साथ संधि के समय कोटा को माराव कौन थे?**
(a) उम्मेद सिंह -I (b) किशोर सिंह
(c) रामसिंह -I (d) रागसिंह -II [a]

**60. करोली राज्य ने 1857 के विद्रोह के दौरान किस राज्य की सहायता हेतु अपनी सेना भेजी?**
(a) मेवाल (b) कोटा
(c) जयपुर (d) जोधपुर [b]

**61. निम्नलिखित में से कौन सा कथन बेड़च नदी के संबंध में सही नहीं है?**
(a) यह गोगुन्दा पहाड़ियों से उद्गमित होती है।
(b) यह गंगा नदी बेसिन के अंतर्गत आती है।
(c) गम्भीरी और ओराई इसकी सहायक नदियाँ हैं।
(d) यह गुलाबपुरा (भीलवाड़ा) के निकट बनास में मिलती है। [d]

**62. राजस्थान में बड़ी तीज का त्यौहार मनाया जाता है-**
(a) भाद्रपद शुक्ल तृतीया (b) भाद्र कृष्ण तृतीया
(c) चैत्र कृष्ण तृतीया (d) श्रावण कृष्ण तृतीया [b]

**63. निम्नलिखित को मिलाएं -**

| **सूची - I** | **सूची - II** |
|---|---|
| (a) ऊन मंडी | (1) किशनगढ़ |
| (b) संगमरमर मंडी | (2) बीकानेर |
| (c) राजस्थान का कानपुर | (3) भीलवाड़ा |
| (d) गारमेंट सिटी | (4) कोटा |

**कूट -**
(a) a-2, b-1, c-4, d-3 (b) a-1, b-2, c-3,d-4
(c) a-4, b-3, c-2, d-1 (d) a-2, b-1, c-3, d-4 [a]

**64. राजस्थान में सोम कागदार सिंचाई परियोजना कहां स्थित है?**
(a) सिरोही (b) उदयपुर
(c) कोटा (d) बूंदी [b]

**65. वल्लया आभूषण पहना जाता है -**
(a) गले में (b) सिर पर
(c) हाथों में (d) कमर में [c]

**66. चूरू में धर्म स्तूप को इस रूप में भी जाना जाता है-**
(a) निहाल टावर (b) बिरला मंदिर का घंटाघर
(c) विजय स्तम्भ (d) लाल घंटाघर [d]

**67. "पिछवाई' कलाकृतियों में बने चित्र उद्धृत किए गए हैं -**
(a) भगवान कृष्ण के जीवन से (b) भगवान राम के जीवन से
(c) पांडवों के जीवन से (d) भगवान शिव के जीवन से [a]

**68. कतरियासर प्रमुख गद्दी है-**
(a) विश्नोई सम्प्रदाय की (b) जसनाथी सम्प्रदाय की
(c) दादू पंथ की (d) लालदासी सम्प्रदाय की [b]

**69. "कच्छी घोड़ी" नृत्य के संदर्भ में कौनसा/ कौन-से कथन सत्य हैं?**
1. यह एक महिला प्रधान नृत्य है।
2. यह राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र से आरम्भ हुआ।
3. विशेषतः विवाह के अवसर पर किया जाता है।
4. यह नृत्य शाहजहाँ के शासनकाल में शुरू हुआ था।
**सही कूट चुनिए -**
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 1 और 4 [b]

**70. 1921 ई. में भवानी नाट्यशाला कहाँ स्थापित की गई थी?**
(a) जयपुर (b) अजमेर
(c) झालावाड़ (d) जैसलमेर [c]

**71. निम्न में से किसका मूल नाम कोशवर्धन था?**
(a) रामगढ़ (b) शेरगढ़
(c) भानगढ़ (d) मानगढ़ [b]

**72. महाराणा सांगा ने किस युद्ध में बाबर की सेना को हराया?**
(a) बयाना की लड़ाई (b) खानवा की लड़ाई
(c) पानीपत -I की लड़ाई (d) घाघरा की लड़ाई [a]

**73. 'विजय स्तम्भ' के बारे में अधोलिखित कथनों को पढ़िए-**
(i) यह नौ मंजिला स्तम्भ है।
(ii) मण्डन इसका मुख्य वास्तुकार था।
**सही कूट चुनिए -**
(a) केवल (i) सही है (b) केवल (ii) सही है
(c) न तो (i) ना ही (ii) सही है (d) दोनों कथन सही हैं [a]

**74. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए -**
(i) विराटनगर जिसे पहले बैराठ के नाम से जाना जाता था, जोधपुर का एक शहर है।
(ii) बैराठ मौर्य सामाज्य का हिस्सा था।
**सही कूट चुनिए -**
(a) केवल (i) सही है (b) केवल (ii) सही है।
(c) न तो (i) ना ही (ii) सही है (d) दोनों कथन सही हैं [b]

**75. निम्नलिखित में से (अलाउद्दीन खिलजी के समर शासक - स्थान) सुमेलित नहीं है?**
(a) रणथम्भौर - हम्मीर देव चौहान (b) चित्तौड़गढ़ – रावल रतनसिंह
(c) सिवाणा - शीतल देव (d) जोधपुर - वीरम देव [d]

**76. चित्तौड़गढ़ दुर्ग के संस्थापक कौन थे?**
(a) चित्रांगद मोरी (b) जयंत चौहान
(c) सवाई जयसिंह (d) महाराजा रायसिंह [a]

**77. राजस्थान का पहला भालू अभ्यारण्य है -**
(a) तालछापर (b) कनक सागर
(c) बंध बरेठा (d) सुंधा माता [d]

**78. निम्नलिखित (सीमेण्ट उद्योग-स्थान) में से कौनसे सुमेलित नहीं है?**
(a) जे. के. सीमेन्ट - निम्बाहेड़ा
(b) मंगलम सीमेन्ट - मोरक
(c) श्री सीमेन्ट – ब्यावर
(d) बिड़ला व्हाइट सीमेन्ट - गोटान [b]

**79. इंडोनी लोक गीत गाया जाता है-**
(a) पति की मृत्यु पर पत्नी द्वारा
(b) विवाह समारोह के दौरान
(c) महिलाओं द्वारा कुएं से पानी लेने जाते समय
(d) बेटे के जन्म के समय महिलाओं द्वारा [c]

**80. वन विभाग की प्रशासनिक रिपोर्ट 2020-21 के अनुसार राजस्थान का कुल वन क्षेत्र है-**
(a) 32,737 वर्ग कि. मी. (b) 31,845 वर्ग कि.मी.
(c) 32,863 वर्ग कि.मी. (d) 33,340 वर्ग कि.मी. [c]

**81. जल उपलब्धता के आधार पर राजस्थान के उच्चतम दो नदियों के बेसिन हैं-**
(a) चम्बल और माही (b) माही और बनास
(c) चम्बल और बनास (d) बनास और लूनी [c]

**82. निम्नलिखित में से कौनसा (भौगोलिक क्षेत्र और जिले) सही सुमेलित नहीं है?**
(a) कूबड़ पट्टी - अजमेर और नागौर
(b) छप्पन का मैदान – बांसवाड़ा और प्रतापगढ़
(c) भोराट का पठार – चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा
(d) उपरमल का पठार - भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ [c]

**83. निम्नलिखित में से राजस्थान के किन जिलों में उप आर्द्र जलवायु पायी जाती है?**
(a) जयपुर, अजमेर, अलवर, टोंक
(b) उदयपुर, राजसमंद, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़
(c) कोटा, बारां, बूंदी, झालावाड़
(d) गंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, चूरू [a]

**84. निम्नलिखित में से कौन सा किला मरुस्थलीय किले की श्रेणी में आता है?**
(a) जूनागढ़ (b) मेहरानगढ़
(c) गागरोन (d) नाहरगढ़ [a]

**85. मारवाड़ में 'दामणी' क्या था ?**
(a) एक प्रकार का आभूषण (b) ओढ़नी का एक प्रकार
(c) एक राजस्व कर (d) एक सरकारी योजना [b]

**86. राजस्थान में बेरिलियम के प्रमुख उत्पादक जिले है-**
(a) जोधपुर और नागौर (b) जयपुर और उदयपुर
(c) दौसा और सवाई माधोपुर (d) बारां और करौली [b]

**87. काका जी की बावड़ी राजस्थान में कहाँ स्थित है?**
(a) उदयपुर (b) सीकर
(c) दौसा (d) बूंदी [c]

**88. राजस्थान में 2011 की जनगणना के अनुसार 1000 पुरुषों पर महिलाओं के अनुपात के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है/हैं?**
(i) सभी जिलों में सामान्य लिंगानुपात 1000 से कम रहा।
(ii) राजस्थान में सामान्य लिंगानुपात राष्ट्रीय औसत से कम था।
(iii) सभी जिलों में (धौलपुर को छोड़कर) के शहरी क्षेत्रों में सामान्य लिंग अनुपात 1000 से कम रहा।
(iv) सभी जिलों में (पाली को छोड़कर) के ग्रामीण में सामान्य लिंग अनुपात 1000 से कम रहा।
**कूट -**
(a) i, ii, iv (b) i, ii, iii, iv
(c) ii, iii, iv (d) i, ii, iii [a]

**89. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा गलत है?**
(a) नमदा - जोधपुर
(b) बादला - जयपुर
(c) मसूरीया साड़ी - कोटा
(d) संगमरमर की नक्काशी – टोंक [*]

**90. राजस्थान में गोपीचंद गुफा कहाँ स्थित है?**
(a) जयपुर (b) माउंट आबू
(c) झालावाड़ (d) टोंक [b]

**91. निम्नलिखित में से कौन सा (पशुमेले और स्थान) सुमेलित नहीं है?**
(a) मल्लिनाथ पशुमेला – तिलवाड़ा
(b) वीर तेजाजी पशुमेला - परबतसर
(c) जसवंत पशुमेला - करौली
(d) गोमतीसागर पशुमेला – झालावाड़ [c]

**92. निम्न में से किसे 'मारवाड़ का ताजमहल' कहा जाता है-**
(a) जगमंदिर महल (b) लालगढ़ महल
(c) जसवंत थड़ा (d) बड़ा बाग [c]

**93. डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा क्षेत्र में बोली जाने वाली बोली है-**
(a) वागड़ी (b) मालवी
(c) मारवाड़ी (d) मेवाड़ी [a]

**94. निम्नलिखित पर्वतों की ऊँचाइयों का सही अवरोही क्रम चुनिए-**
(a) सेर पीक, अचलगढ़, खोह, तारागढ़
(b) तारागढ़, खोह, अचलगढ़, सेर पीक
(c) खोह, अचलगढ़, सेर पीक, तारागढ़
(d) अचलगढ़, खोह, तारागढ़, सेर पीक [a]

**95. मंजीरा, तानपुरा, चौतारा वाद्य यंत्रों का प्रयोग अधोलिखित किस नृत्य में किया जाता है?**
(a) गवरी नृत्य (b) तेरहताली नृत्य
(c) वालर नृत्य (d) घूमर नृत्य [b]

**96. स्वतंत्रता संग्राम के दौरान निम्नलिखित में से कौनसी महिला जेल नहीं गई?**
(a) काली बाई (b) रत्ना शास्त्री
(c) नारायणी देवी (d) अंजना देवी [a]

**97. सात अग्नि वेदिकाओं की पंक्ति प्राप्त हुई है-**
(a) कालीबंगा से (b) बैराठ से
(c) आहड़ से (d) गणेश्वर से [a]

**98. पुरन्दर की सन्धि (1665 AD) किसके मध्य हुई थी?**
(a) शिवाजी - भगवंतदास
(b) शिवाजी - राजा मानसिंह
(c) शिवाजी – मिर्जा राजा जयसिंह
(d) शिवाजी - सवाई जयसिंह [c]

**99. निम्नलिखित में से कौन सा (लोकदेवी - स्थान) सुमेलित नहीं हैं?**
(a) शिला देवी - आमेर
(b) आई माता - ओसियां
(c) शीतला माता - चाकसू
(d) दधिमति माता – गोठ मंगलोद [b]

**100. 30 मार्च 1949 को बृहत् राजस्थान का उद्घाटन किसने किया?**
(a) सरदार वल्लभ भाई पटेल (b) वी. पी. मेनन
(c) एन. वी. गाडगिल (d) जवाहर लाल नेहरू [a]


# मुश्किल परीक्षाएं भी आसान लगेगी

## जब करेंगे लक्ष्य एप के संग तैयारी

मौका है, अपनी तैयारी को सिलेक्शन वाली तैयारी बनाने का

**LIVE FROM CLASSROOM**

**ONLINE/OFFLINE COURSE**




Scan to Download Lakshya App Now

Google play

RAS | CET | REET

SI | NURSING | शिक्षक

- Test Series
- Recorded Courses
- Downloadable Classes
- Free Quizzes
- Video & Audio Lecture
- Previous Year Paper
- Free Current Affair
- Doubt Solving Session



सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

# लक्ष्य क्लासेज ™

Sector - 4, Main Road, Udaipur (Raj.) | M. 6376957258, 6376491126